

HANDBOOK OF CHEMISTRY

H

S. No.	CONTENTS	Page No.
	PHYSICAL CHEMISTRY	
1.	Some Basic Concepts of Chemistry	2-3
2.	Solutions	6-7
3.	Redox Reactions	10
4.	Electrochemistry	12-15
5.	Behaviour of gases	18-19
6.	Atomic Structure	20-22
7.	Chemical Kinetics	24-25
8.	Thermodynamics & Energetics	28-31
9.	Chemical Equilibrium	32-34
10.	Ionic Equilibrium	36-40
11.	Solid State	42-43
12.	Surface Chemistry	46-47
	INORGANIC CHEMISTRY	
1.	Some Important Increasing order	50-52
2.	Periodic Table	53-57
3.	Chemical Bonding	60-69
4.	s-Block elements	72-74
5.	p-Block elements	77-88
6.	Coordination Chemistry	90-93
7.	d-Block (Transition Elements)	94-97
8.	Metallurgy	99-100
9.	Hydrogen	102-103
	ORGANIC CHEMISTRY	
1.	Table for IUPAC Nomenclature	106
2.	Isomerism	108-110
3.	Reaction Mechanism	112
4.	Practical Organic Chemistry	114
5.	Distinction b/w pair of compound	116-119
6.	Hydrocarbons	122-125
7.	Haloalkanes & Grignard Reagents	128-130
8.	Alcohol, Ether and Phenol	132-138
9.	Carboxylic Acid	140
10.	Amines	142-144
11.	Organic Reagents	146-149
12.	Organic Name Reactions	150-152
13.	Polymers	154
14.	Carbohydrates	156-157



PHYSICAL CHEMISTRY

SOME BASIC CONCEPT OF CHEMISTRY

SOME USEFUL CONVERSION FACTORS

1 Å = 10^{-10} m, 1 nm = 10^{-9} m

1 pm = 10^{-12} m

1 litre = 10^{-3} m^3 = 1 dm^3

1 atm = 760 mm or torr = 101325 Pa or Nm^{-2}

1 bar = 10^5 Nm^{-2} = 10^5 Pa

1 calorie = 4.184 J

1 electron volt (eV) = 1.6022 × 10^{-19} J

(1 J = 10^7 ergs)

(1 cal > 1 J > 1 erg > 1 eV)

ATOMIC MASS or MOLECULAR MASS

एक परमाणु या अणु का a.m.u. में द्रव्यमान

C → 12 amu

H_2O → 18 amu

ACTUAL MASS

एक परमाणु या अणु का ग्राम में द्रव्यमान

C → 12 × 1.66 × 10^{-24} g

H_2O → 18 × 1.66 × 10^{-24} g

RELATIVE ATOMIC MASS or RELATIVE MOLECULAR MASS

^{12}C परमाणु के 1/12 वें भाग के आपेक्षिक परमाणु या अणु का द्रव्यमान

C→ 12 H_2O → 18

यह इकाई रहित है

GRAMS ATOMIC MASS OR GRAM MOLECULAR MASS

परमाणु या अणु के 1 mole का द्रव्यमान

C→ 12 g H_2O → 18 g

यह मोलर भार भी कहलाता है

DEFINITION OF ONE MOLE

कार्बन-12 समस्थानिक के यथार्थ द्रव्यमान 12 ग्राम में जितने परमाणु हैं, इतने ही कणों वाले पदार्थ के परिणाम (मात्रा) को मोल कहते हैं।

$$1u = 1\text{ amu} = (1/12)^{th}\text{ of mass of 1 atom of } C^{12} = \frac{1g}{N_A} = 1.66 \times 10^{-24}\text{ g}$$

For elements

- 1 g atom = 1 mole of atoms = N_A atoms
- g atomic mass (GAM) = mass of N_A atoms in g.
- Mole of atoms = $\frac{\text{Mass(g)}}{\text{GAM or molar mass}}$

For molecule

- 1 g molecule = 1 mole of molecule = N_A molecule
- g molecular mass (GMM) = mass of N_A molecule in g.
- Mole of molecule = $\frac{\text{Mass(g)}}{\text{GMM or molar mass}}$

For ionic compounds

- 1 g formula unit = 1 mole of formula unit = N_A formula unit.
- GFM (g formula mass) = mass of N_A formula unit in g.
- Mole of formula unit = $\frac{\text{Mass(g)}}{\text{GFM or molar mass}}$

1 mole of substance

- Contains 6.022 × 10^{23} particles
- Weight as much as molecular weight / atomic ionic / weight in grams
- If it is a gas, one mole occupies a volume of 22.4 L at 1 atm & 273 K

Average or Mean Molar Mass

पात्र में उपस्थित विभिन्न पदार्थों का औसत मोलर द्रव्यमान

$$M_{avg} = \frac{M_1 n_1 + M_2 n_2 + ...}{n_1 + n_2 + ...}$$

यहां पात्र में उपस्थित M_1, M_2 के पदार्थों के मोलर द्रव्यमान और n_1, n_2 पदार्थों के मोल हैं।

DENSITIES

$$\text{Density} = \frac{\text{Mass}}{\text{volume}}, \text{ unit : g/cc}$$


$$\text{Relative Density} = \frac{\text{Density of any substance}}{\text{Density of reference substance}}$$

VAPOUR DENSITY

समान ताप व दाब पर वाष्प का घनत्व और हाइड्रोजन के घनत्व का अनुपात


$$\text{वाष्प घनत्व} = \frac{\text{Molar mass}}{2}$$

$$* \text{ mass \% of an element in a compound} = \frac{\text{atomicity of an element} \times \text{atomic mass of an element}}{\text{molecular mass of compound}} \times 100$$



❐ रससमीकरणमिति पर आधारित अभिधारणा [STOICHIOMETRY BASED CONCEPT]

[Concept of limiting reagent]



$$aA + bB \rightarrow cC + dD$$

- a,b,c,d मोल, आयतन [गैसीय अभिक्रिया के लिए] तथा अणुओं का अनुपात है। जिसमें क्रियाकारक, क्रिया करते हैं और उत्पाद प्राप्त करते हैं।
- a,b,c,d द्रव्यमान के अनुपात को प्रदर्शित नहीं करता है।

❐ HOW TO FIND L.R.

- ***Case I*** : यदि केवल एक क्रियाकारक के आंकड़े दिये गये हों तो वो L.R. होता है और दूसरे क्रियाकारक आधिक्य अभिकर्मक होते हैं।
- ***Case-II*** : यदि एक से अधिक क्रियाकारकों के आंकड़े दिये गये हों तो सबसे पहले उनको मोल में परिवर्तित करेंगे, तब क्रियाकारकों के मोलों में उनके रससमीकरणमिति गुणांक का भाग लगायेंगे। क्रियाकारक जो न्यूनतम अनुपात रखते हैं L.R. होता है और प्राप्त उत्पाद के मोल या आधिक्य अभिकर्मक का शेष भाग L.R. से रससमीकरणमिति अभिधारण लगाकर ज्ञात करें।

❐ तुल्यांकी भार [EQUIVALENT WEIGHT]

- $\text{तुल्यांकी भार} = \frac{\text{molar weight}}{\text{valency factor (VF)}}$
- V.F. for elements = Valency

Ex.: Na =1, Al=3, N_2=6, O_2 =4, H_2=2

V. F. for ionic compounds (salts)

= total charge on cation / anion

Ex. : $Na_2^{+1}CO_3^{-2} \rightarrow$ V.F. = +1×2 = 2

$K_4^{+1}[Fe(CN)_6]$ = V.F. = +1 × 4 = 4

V.F. for acids = No. of replacable H^+ ions

HCl =1, H_2SO_4= 2, H_3PO_4= 3

H_3PO_3=2, H_3PO_2 =1

- V.F. for bases = No. of replacable OH^-
- NaOH =1, $Ba(OH)_2$=2, $Ca(OH)_2$=2, $Al(OH)_3$=3

KEY POINTS

❐ Dulong & Petit's law (only for solids (except Be, B, Si, C)
Atomic mass × specific heat (in Cal/grams °C) ≈ 6.4

❐ Victor -Mayer's विधि वाष्पशील यौगिकों का अणुभार ज्ञात करने में उपयोग में ली जाती है।

IMPORTANT NOTES

IMPORTANT NOTES

SOLUTIONS

नॉर्मलता (N) $= \dfrac{\text{विलेय के ग्राम तुल्यांक}}{\text{विलयन का आयतन(L)}}$

मोलरता (M) $= \dfrac{\text{विलेय के मोल}}{\text{विलयन का आयतन (L)}}$

M तथा N में सम्बन्ध
N=M× Valency factor

% भारानुसार (w/W) $= \dfrac{\text{विलेय का भार (g)}}{\text{विलयन का भार (g)}} \times 100$

फॉर्मलता (F) $= \dfrac{\text{विलेय का भार (g)}}{\text{विलेय का सूत्र भार (g)} \times \text{विलयन का आयतन(L)}}$

विलयन का सामर्थ्य (S) $= \dfrac{\text{विलेय का भार (g)}}{\text{विलयन का आयतन (L)}}$

m तथा X में सम्बन्ध
$\dfrac{X_B}{X_A} = \dfrac{m \times (M.wt)_A}{1000}$

% भार-आयतानुसार (w/V) $= \dfrac{\text{विलेय का भार (g)}}{\text{विलयन का आयतन (mL)}} \times 100$



ppm (भारानुसार) $= \dfrac{\text{विलेय का भार (g)}}{\text{विलयन का भार (g)}} \times 10^6$

ppm (आयतानुसार) $= \dfrac{\text{विलेय का आयतन}}{\text{विलयन का आयतन}} \times 10^6$

ppm (w/V अनुसार) $= \dfrac{\text{विलेय का भार (g)}}{\text{विलयन का आयतन (mL)}} \times 10^6$



अणुसंख्यक गुणधर्म (COLLIGATIVE PROPERTY)

तनु विलयन के अणुसंख्यक गुणधर्म विलयन में उपस्थित विलेय के कणों की सापेक्षिक संख्या पर निर्भर करते हैं न कि उनकी प्रकृति पर

द्रव-द्रव निकाय (Liquid-Liquid System)

Liquid: वाष्पशील विलायक(A) तथा वाष्पशील विलेय (B)

$P'_A = X_A P_A^\circ$ एवं $P'_B = X_B P_B^\circ$

$P_{total} = P'_A + P'_B = P^\circ_A X_A + P^\circ_B X_B$

$P_{total} = (P^\circ_B - P^\circ_A)X_B + P^\circ_A$

$P'_A = Y_A P_T$ एवं $P_B' = Y_B P_T$

(गैसीय मिश्रण के लिये डाल्टन के नियम से)

$P'_A = P_A^\circ X_A = Y_A P_T$

$P'_B = P^\circ_B X_B = Y_B P_T$

(Y_A व Y_B : वाष्प अवस्था में मोल भिन्न)

Raoult's law

ठोस-द्रव निकाय (Solid-Liquid System)

Solid : अवाष्पशील विलेय(B) एवं Liquid : वाष्पशील विलायक(A)

$P_{total} = P_A^\circ X_A = \dfrac{n_A}{n_A + n_B} \times P_A^\circ \; (\because P_B^\circ = 0)$

वाष्पदाब में सापेक्षिक अवनमन (RLVP)

$= \dfrac{P_A^\circ - P_S}{P_A^\circ} = X_B$

वाष्पदाब में अवनमन $= \Delta P = P_A^\circ - P_S$

RLVP द्वारा:

$\dfrac{P_A^\circ - P_S}{P_S} = \dfrac{n_B}{n_A}$

वाण्ट-हॉफ गुणांक (i) (Van't Hoff Factor (i))

$= \dfrac{\text{प्रायोगिक अणुसंख्यक गुणधर्म}}{\text{सैद्धांतिक अणुसंख्यक गुणधर्म}} = \dfrac{\text{सैद्धांतिक मोलर भार}}{\text{प्रायोगिक मोलर भार}}$

For i=1 : कोई वियोजन या संयोजन नहीं

Eg. : Sugar, Glucose, Urea etc.

Dissociation (i>1)

$i = 1 + (n-1)\alpha$

n=कुल आयनों की संख्या

α=वियोजन की मात्रा

Association (i<1)

$i = 1 - \alpha + \alpha/n$

n=संयोजित होने वाले कणों की संख्या

α=संयोजन की कोटि

वाष्प दाब में सापेक्षिक अवनमन (RLVP) (Relative Lowering of Vapour Pressure)

तनु विलयन के लिये ($n_B << n_A$)

$\dfrac{P^0_A - P_S}{P^0_A} \approx i \times \dfrac{n_B}{n_A}$

$\Delta P \propto \dfrac{n_B}{n_A}$


RLVP विलेय के कणों की सापेक्षिक संख्या पर निर्भर करता है

क्वथनांक में उन्नयन (Elevation in Boiling Point) (ΔT_b)

$\Delta T_b = (T_b)_{solution} - T_b^\circ = i \times m \times K_b$

K_b= विलायक के लिये मोलल उन्नयन स्थिरांक या विलायक का ebuillioscopic नियतांक

$K_b = \dfrac{RT_b^{\circ 2} \times M.wt)}{1000 \times \Delta H_{vapour}}$ $\quad K_b = \dfrac{RT_b^{\circ 2}}{1000 \times L_{vapour}}$




हिमांक में अवनमन (Depression in Freezing Point) (ΔT_f)

$\Delta T_f = (T^\circ_f) - (T_f)_{solution} = i \times m \times K_f$

K_f=विलायक के लिये मोलल अवनमन स्थिरांक या विलायक का cryoscopic नियतांक

$K_f = \dfrac{RT_f^{\circ 2} \times M.wt)}{1000 \times \Delta H_{fusion}}$ $\quad K_f = \dfrac{RT_f^{\circ 2}}{1000 \times L_{fusion}}$



परासरण दाब (π) Osmotic Presure			
	Osmosis (**परासरण**): अर्धपारगम में झिल्ली द्वारा विलायक के अणुओं का तनु विलयन से सान्द्र विलयन की ओर होने वाला प्रभावी (net) प्रवाह परासरण कहलाता है। $\pi = hdg$ तनु विलयन के लिये : $\pi = i \times CRT$	* **समपरासरी विलयन** : $\pi_1 = \pi_2$ (प्राथमिक परिस्थिति) नियत ताप पर $C_1 = C_2$ (द्वितीयक परिस्थिति)	* जब $\pi_1 > \pi_2$ or $C_1 > C_2$ विलयन 1 को उच्च परासी एवं विलयन 2 को निम्न परासरी विलयन कहा जाता है

% आयतानुसार (v/V)
$= \frac{\text{विलेय का आयतन (mL)}}{\text{विलयन का आयतन (mL)}} \times 100$

मोललता (m)
$= \frac{\text{विलेय के मोल}}{\text{विलायक का भार(g)}} \times 1000$

H_2O_2 का आयतन सामर्थ्य **'XV'**
$M = \frac{X}{11.2}$; $S = \frac{X}{5.2} \times 17$
$N = \frac{X}{5.6}$; $\%(w/V) = \frac{X}{5.6} \times \frac{17}{10}$

मोल भिन्न
A→ विलायक; B → विलेय

$X_A = \frac{\text{विलायक के मोल}}{\text{विलेय के मोल+विलायक के मोल}}$

$X_B = \frac{\text{विलेय के मोल}}{\text{विलेय के मोल+विलायक के मोल}}$

$X_A + X_B = 1$

तनुकरण
$M_1V_1 = M_2V_2$; $N_1V_1 = N_2V_2$
I: जब अम्ल-अम्ल या क्षार-क्षार मिश्रित किये जायें
$N_R = \frac{N_1V_1 + N_2V_2 + N_3V_3 + ...}{V_1 + V_2 + V_3 + ...}$
II : a) पूर्ण उदासीनीकरण
$N_AV_A = N_BV_B$ (A→अम्ल; B →क्षार)
$N_R = \frac{N_AV_A}{V_A + V_B}$ (N_R लवण की नॉर्मलता)
b) अपूर्ण उदासीनीकरण
$N_R = \frac{|N_AV_A - N_BV_B|}{V_A + V_B}$

स्थिरक्वाथी मिश्रण : द्विघटकीय मिश्रण जिसमें द्रव एवं वाष्प प्रावस्था का संगठन समान हो तथा जो नियत ताप पर क्वथन दर्शाता हो। ये मिश्रण केवल अनादर्श विलयन द्वारा निर्मित होता है। ये दो प्रकार के होते हैं।
a) निम्नतम क्वथांकी : राउल्ट के नियम से उच्च धनात्मक विचलन दर्शाते हैं।
b) उच्चतम क्वथांकी : राउल्ट के नियम से उच्च ऋणात्मक विचलन दर्शाते हैं।
मिश्रण के अवयवों को प्रभाजी आसवन द्वारा पृथक नहीं किया जा सकता है।

प्रतिलोम परासरण:
जब बाह्य दाब> परासरण दाब,
तब विलायक के कण विलयन से विलायक की ओर गति करते हैं।

कपूर के लिऐ Cryscopic नियतांक का मान अधिकतम होता है तथा यह हिमांक में अवनमन विधि द्वारा मोलर द्रव्यमान ज्ञात करने की विधि में सर्वाधिक बेहतर विलायक है।

Henry's Law : हेनरी के नियमानुसार नियत ताप पर (p)
गैस का आंशिक दाब (P) ∝ गैस की द्रव में विलेयता
गैस का आंशिक दाब (P)∝ विलेय गैस के मोल भिन्न (X).
$P = K_H \times X$ (K_H : हेनरी नियतांक)
हेनरी नियतांक गैस की प्रकृति, ताप एवं द्रव की प्रकृति पर निर्भर करता है
$T\uparrow \Rightarrow K_H\uparrow$ विलेयता(X)↓

Ethylene Glycol को जल में मिलाकर radiator में प्रयुक्त किया जाता है जिससे कि हिमांक घट जाता है। इसे प्रतिशीतक कहा जाता है। इसी प्रकार NaCl तथा $CaCl_2$ को सड़क पर एकत्र बर्फ को हटाने के लिये किया जाता है।

गैस जो विलायक के साथ अभिक्रिया दर्शाती है,
Henry's law का पालन नहीं करती है

वृहद अणु जैसे कि प्रोटीन का अणुभार ज्ञात करने के लिये परासरण दाब विधि श्रेष्ठ है क्योंकि परासरण दाब कमरे के ताप पर आसानी से ज्ञात किया जा सकता है

- 0.91% W/V NaCl विलयन रक्त के समपरासरी होता है
- जब घनत्व ≤ 1 ⇒ m > M (एक विलयन के लिए)
  जब घनत्व >1 ⇒ m<M

- M,F,N, तथा % v/V, % w/V सान्द्रता ताप पर निर्भर करते हैं।
- K_b तथा K_f विलायक के गुणधर्म है।

Konowaloff's Rule : वाष्प प्रावस्था में अधिक वाष्पशीलता वाले अवयव का संगठन कम वाष्पशील वाले अवयव की तुलना में अधिक होता है।

आदर्श विलयन
Raoult's Law का पालन करता है
$(VP)_{observed} = (VP)_{calculated}$
$(BP)_{observed} = (BP)_{calculated}$
(A-A)=(A-B)=(B-B)

$\Delta H_{mix} = 0$ $\Delta V_{mix} = 0$
$\Delta S_{mix} > 0$ $\Delta G < 0$

अनादर्श विलयन
धनात्मक विचलन, Raoult's Law का पालन नहीं करते हैं
$(VP)_{observed} > (VP)_{calculated}$
$(BP)_{observed} < (BP)_{calculated}$
(A-A)&(B-B)>(A-B)

$\Delta H_{mix} > 0$ $\Delta V_{mix} > 0$
$\Delta S_{mix} > 0$ $\Delta G < 0$

अनादर्श विलयन
ऋणात्मक विचलन, Raoult's Law का पालन नहीं करते हैं
$(VP)_{observed} < (VP)_{calculated}$
$(BP)_{observed} > (BP)_{calculated}$
(A-A)&(B-B)<(A-B)

$\Delta H_{mix} < 0$ $\Delta V_{mix} < 0$
$\Delta S_{mix} > 0$ $\Delta G < 0$

IMPORTANT NOTES

IMPORTANT NOTES

REDOX REACTIONS

- **स्टॉक संकेतन:** धातुओं की ऑक्सीकरण अवस्था को रोमन अंको जैसे I, II, III इत्यादि को कोष्टक में व्यक्त करना ही स्टोक संकेतन कहलाता है।
  जैसे : $FeSO_4$ = Iron (II) sulphate;
  Na_2CrO_4 = Sodium chromate (VI)

- एक तत्व की **संयोजकता** केवल एक संख्या है एवं इसके साथ धनात्मक या ऋणात्मक चिन्ह नहीं होता है। यह न तो शून्य होती है नहीं भिन्नात्मक। दूसरी ओर ऑक्सीकरण अंक आवेश को निरूपित करता है अत: या तो धनात्मक या ऋणात्मक चिन्ह रखता है। यह शून्य एवं भिन्नात्मक भी हो सकता है। उदाहरण के लिए CH_2Cl_2 में C का ऑक्सीकरण अंक शून्य है जबकि Fe_3O_4 में Fe का 8/3 एवं $Na_2S_2O_3$ में S का 2.0 है।

- अमलगम एवं धातु कार्बोनिलों में धातुओं का ऑक्सीकरण अंक शून्य होता है। उदाहरण के लिए $Ni(CO)_4$, $Fe(CO)_5$, $Cr(CO)_6$ आदि।

- एक पदार्थ, केवल ऑक्सीकारक की तरह कार्य करता है जब उसमें उपस्थित तत्व की ऑक्सीकरण अवस्था अधिकतम हो और केवल अपचायक की तरह कार्य करता है जब उसमें उपस्थित तत्व की ऑक्सीकरण अवस्था न्यूनतम हो। यदि पदार्थ में ऑक्सीकरण अवस्था न तो अधिकतम है और न ही न्यूनतम है तो यह दोनो ऑक्सीकारक या अपचायक की तरह कार्य कर सकता है।

  For example,
  - HNO_3 में N का ऑक्सीकरण अंक + 5 है जो कि सर्वाधिक है, इसलिए यह केवल एक या अधिक इलेक्ट्रॉन ग्रहण करके ऑक्सीकारक की तरह कार्य करता है।
    उदाहरण के लिए :



$$I_2 + 10H\overset{+5}{N}O_3 \longrightarrow 2HIO_3 + 10\overset{+4}{N}O_2 + 4H_2O$$


    यहां N का ऑक्सीकरण अंक + 5 (HNO_3 में) से + 4 (NO_2 में) तक घटता है, अत: यह एक ऑकसीकारक की तरह कार्य करता है।
  - H_2S, में S का ऑक्सीकरण अंक –2 है जो कि न्यूनतम है अत: यह एक या अधिक इलेक्ट्रॉनों का त्याग करके अपचायक की तरह कार्य करता है। उदाहरण के लिए




$$Br_2 + H_2\overset{-2}{S} \longrightarrow \overset{0}{S} + 2HBr$$

    अत: सल्फर का ऑक्सीकरण अंक –2 (H_2S में) से 0 (सल्फर तत्व में) तक बढता है। इसलिए यह अपचायक की तरह कार्य करती है।

  - HNO_2 में नाइट्रोजन का ऑक्सीकरण अंक + 3 है जो कि न तो अधिकतम (अर्थात + 5) न ही न्यूनतम (अर्थात – 3) है, इसलिए यह ऑक्सीकारक एवं अपचायक दोनों की तरह कार्य कर सकता है। उदाहरण के लिए:



$$\text{(i)}\ 2KMnO_4 + 3H_2SO_4 + 5H\overset{+3}{N}O_2 \longrightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 5H\overset{+5}{N}O_3 + 3H_2O$$




$$\text{(ii)}\ 2H\overset{+3}{N}O_2 + 2HI \longrightarrow 2\overset{+2}{N}O + 2H_2O + I_2$$

    समीकरण (i) में N का ऑक्सीकरण अंक +3 (HNO_2 में) से +5 (HNO_3 में) तक बढ़ता है, इसलिए यह अपचायक की तरह कार्य करता है।
    समीकरण (ii) में N का ऑक्सीकरण अंक + 3 (HNO_2 में) से + 2 (NO में) तक घटता है, इसलिए यह ऑक्सीकारक की तरह कार्य करता है।

- रेडोक्स अभिक्रियाएं इलेक्ट्रॉन – स्थानान्तरण अभिक्रिया भी कहलाती है क्योंकि इलेक्ट्रॉनों का स्थानान्तरण अपचायक से ऑक्सीकारक में होता है।

- ऑक्सीकरण को विइलेक्ट्रॉनीकरण भी कहते है जबकि अपचयन इलेक्ट्रॉनीकरण कहलाती है।

- यदि एक यौगिक एक ही तत्व के दो या अधिक परमाणु उपस्थित है तो सभी परमाणु समान या भिन्न ऑक्सीकरण अवस्था दर्शा सकते हैं। उदाहरण के लिए
  - $Na_2S_2O_3$ में, एक S- परमाणु का ऑक्सीकरण अंक –2 है जबकि दूसरे का ऑक्सीकरण अंक + 6 है।
  - $CaOCl_2$ अर्थात् Ca(OCl) Cl (विरंजक चूर्ण) में एक Cl का ऑक्सीकरण अंक –1 है। जबकि दूसरे Cl का ऑक्सीकरण अंक +1 है।
  - Fe_3O_4 अर्थात् $FeO.Fe_2O_3$ में एक Fe का ऑक्सीकरण अंक + 2 है जबकि अन्य दो का ऑक्सीकरण अंक + 3 है।
  - NH_4NO_3 में NH_4^+ के N का ऑक्सीकरण अंक –3 है जबकि NO_3^- में N का ऑक्सीकरण अंक + 5 है।
  - $Na_2S_4O_6$ (सोडियम टेट्राथायोनेट) जिसकी संरचना निम्न है



    में तारांकित S परमाणुओं का ऑक्सीकरण अंक शून्य है (विशुद्ध सहसंयोजक प्रकृति) एवं अन्य दो S परमाणुओं का ऑक्सीकरण अंक +5 है।

IMPORTANT NOTES

ELECTROCHEMISTRY

प्रतिरोध (R) = $\frac{V}{I}$
R की इकाई : Ohms
चालकत्व (G) = $\frac{1}{R}$
Unit of G : mho, ohm^{-1} or Siemen(s)
Cell constant (G*) = $\frac{\ell}{A}$
Unit of G* : cm^{-1}

प्रतिरोधकता या
विशिष्ट प्रतिरोध (ρ)
$R = \rho\frac{\ell}{A}$
ρ की इकाई : ohm cm
चालकता /विशिष्ट चालकत्व
K(Kappa) = $\frac{1}{\rho} = \frac{1}{R} \times \frac{\ell}{A} = G \times G^*$
1 cm^3 (m^3) विद्युत अपघट्य,
विलयन के चालकत्व को चालकता कहा जाता है।
K की इकाई:
$ohm^{-1}\ cm^{-1}$

Debye-Huckel Onsager Equation
प्रबल विद्युत अपघट्य के लिये:
$\lambda_m = \lambda^{\infty}_m - b\sqrt{C}$
b: Debye Huckel
Onsager नियतांक
नियत ताप पर दिये हुए
विलायक के लिए, सभी समान
प्रकार के वैद्युत अपघट्यों का 'b' समान रहता है

GALVANIC CELL

ऐसी युक्ति जिसमें स्वत: रिडॉक्स अभिक्रिया (ΔG<0) के द्वारा रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है।

Eg. : Daniel Cell
At anode : (-ve) oxidation $Zn(s) \rightarrow Zn^{+2}(aq) + 2e^-$
At cathode :(+ve) reduction $Cu^{+2}(aq) + 2e^- \rightarrow Cu(s)$
Cell Reaction : $Zn(s)+Cu^{+2}(aq) \rightarrow Zn^{+2}(aq)+Cu(s)$
धारा प्रवाह :
Anode → Cathode (अन्त: परिपथ)
Cathode → Anode (बाह्य परिपथ)

- $[Zn^{+2}]$ एनोड विलयन में ↑
  $[Cu^{+2}]$ कैथोड विलयन में ↓
- Zn इलेक्ट्रॉड का द्रव्यमान ↓ जबकि Cu इलेक्ट्रॉड का द्रव्यमान ↑

Cell Representation

Anode	एनोड अर्ध सेल वैद्युत अपघट्य (सान्द्रता) ‖	कैथोड अर्ध सेल वैद्युत अपघट्य (सान्द्रता)	Cathode
Zn(s)	$ZnSO_4(aq)$ C_1M ‖	$CuSO_4(aq)$ C_2M	Cu(s)

TRICK
L → Left
O → Oxidation
A → Anode
N → Negative

E^o_{cell} = SRP (cathode) -SRP (anode)
अपचयन विभव=– ऑक्सीकरण विभव
(समान पदार्थ के लिये)

NERNST EQUATION

- $E = E^0 - \frac{RT}{nF}\ \ell n \frac{[\text{उत्पाद}]}{[\text{क्रियाकारक}]}$
  At T = 298 K ⇒ $E = E^0 - \frac{0.0591}{n}\log_{10}\frac{[\text{उत्पाद}]}{[\text{क्रियाकारक}]}$
- धातु के लिऐ : यदि $[M^{n+}]$↑⇒ E_{red}↑⇒E_{oxid}↓
  यदि $[M^{n+}]$↓⇒ E_{red}↓⇒E_{oxid}↑
- $W_{electrical} = -\Delta G = +\ nFE_{cell}$
  यदि E_{cell} = +ve ⇒ΔG = -ve ⇒ सेल अभिक्रिया स्वत: है
  यदि E_{cell} = -ve ⇒ΔG = +ve ⇒सेल अभिक्रिया अस्वत: है
- साम्य पर: $E_{cell} = 0 \Rightarrow \Delta G = 0$
  $E^o_{cell} = \frac{0.0591}{n}\log_{10} K_{eq}$ [K_{eq} : साम्य स्थिरांक]
  $\Delta G^o = -\ 2.303\ RT \log_{10}K$
- सान्द्रता सेल : $E^o_{cell} = 0$
  $E_{cell} = \frac{0.0591}{n}\log_{10} K_{eq}\frac{[\text{उत्पाद}]}{[\text{क्रियाकारक}]}$
- इलेक्टॉड विभव एक गहन गुण है।
- लवण सेतु में KCl, KNO_3, NH_4NO_3 विद्युत अपघट्य प्रयुक्त किये जाते हैं। KCl/NaCl/NH_4Cl सेतु में नहीं किया जाता है, जब विलयन में Ag^+,Pb^{+2},Hg_2^{+2},Cu^+ आयन उपस्थित हों, क्योंकि ये Cl^- से मिलकर अवक्षेप बनाते हैं।

मोलर चालकता

$\lambda_m=\mu=\Lambda_m=K\times V_m$

V_m=मोलर आयतन

unit of λ_m=$ohm^{-1}cm^2\ mol^{-1}$

$\lambda_m = \dfrac{K\times 1000}{M}$

तुल्यांकी चालकता (λ_{eq} or Λ_{eq})

$\lambda_{eq} = K\times V = \dfrac{K\times 1000}{N}$

Unit of $\lambda_{eq} \rightarrow ohm^{-1}cm^2eq^{-1}$

Dilution ↑⇒ concertration↓

⇒K↓⇒(G, Λ_m,Λ_{eq})↑

विद्युत चालकता↑
⇓
विलायकीकरण/आयन का जलयोजन ↓
⇓
अन्तर आयनिक आकर्षण ↓
⇓
तापमान ↑
⇓
तनुकरण ↑

Kohlrausch का नियम

$\lambda^{\infty}_{eq}=\lambda^{\infty}_{eq_c}+\lambda^{\infty}_{eq_a}$

A_xB_y के लिए: $A_xB_y \rightarrow xA^{y+}+yB^{x-}$

$\lambda^{\infty}_m=x\lambda^{\infty}_{m_c}+ y\lambda^{\infty}_{m_a}$

- $\alpha=\dfrac{\lambda_{eq}}{\lambda^{\infty}_{eq}}=\dfrac{\lambda_m}{\lambda^{\infty}_m}$
- $K_a=\dfrac{c\alpha^2}{(1-\alpha)}$; यदि $\alpha \le 5\%$ तो $K_a=c\alpha^2$
- Λ_m=(संतृप्त)$\Lambda^{\infty}_m=\dfrac{K\times 1000}{S}$

  S → विलेयता


विद्युत रासायनिक श्रेणी


एक व्यवस्थित क्रम है, जिसमें तत्वों को उनके मानक अपचयन विभव के बढ़ते क्रम में रखा गया है

↓ SRP का मान ↑
अपचयित होने की प्रवृत्ति ↑
ऑक्सीकारक क्षमता ↑
धातु क्रियाशीलता↓
अधातुओं (हैलोजन) की क्रियाशीलता↑


↑ SOP का मान ↑
ऑक्सीकृत होने की प्रवृत्ति ↑
अपचायक क्षमता ↑


- ऑक्सीकारक सामर्थ्य α SRP $\alpha \dfrac{1}{SOP}$ [उच्चतम SRP → F_2 (+2.87V)]
- अपचायक सामर्थ्य α SOP $\alpha \dfrac{1}{SRP}$ [उच्चतम SOP → Li (+3.05V)]
- जो धातुऐं श्रेणी में ऊपर रखी गई है, वे सरलता से नीचे रखी गई धातु आयनों को उनके जलीय विलयन में से विस्थापित कर देती है।



$Cu + ZnSO_4(aq) \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं


$Cu + 2AgNO_3(aq) \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2Ag(s)$

- श्रेणी में नीचे रखी गई अधातुऐं, ऊपर रखी गई अधातु आयनों को विलयन में से विस्थापित कर देती है।


$2A^- + B_2 \rightarrow 2B^- + A_2$


$2C^- + B \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं



$2D^- + A_2 \rightarrow 2A^- + D_2$

$E^o_{C^-/C_2} < E^o_{B^-/B_2} < E^o_{A^-/A_2} < E^o_{D^-/D_2}$


- H_2 के ऊपर रखी हुई धातुऐं ⟹ जलीय विलयन में से $H_2(g)$
  Mg के ऊपर रखी हुई धातुऐं ⟹ ठण्डे जल में से $H_2(g)$
  Mg से Cr के मध्य रखी हुई धातुऐं ⟹ गर्म जल में से $H_2(g)$
  Fe धातु ⟹ वाष्प में से $H_2(g)$



- Cu से नीचे रखी गई धातुओं के ऑक्साइड तापीय रूप से अस्थाई होते हैं तथा गर्म करने पर आसानी से धातु में अपचयित हो जाते हैं।


$Ag_2CO_3 \xrightarrow{\Delta} Ag_2O + CO_2 \uparrow$
↓

$2Ag + ½ O_2$

Electrolytic Cell



- ऐसी युक्ति, जिनमें अस्वत: रेडॉक्स अभिक्रिया ($\Delta G>0$) का उपयोग करके विद्युत ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में रूपान्तरित किया जाता है।
- Cation (+ve) $\rightarrow$ Cathode (-ve) $\rightarrow$ Reduction
- Anion (-ve) $\rightarrow$ Anode (+ve) $\rightarrow$ Oxidation
- कैथोड एवं एनोड के चिन्ह गैल्वेनिक सेल एवं विद्युत अपघटनीय सेल में विपरित होते हैं।
- D.C. धारा का प्रयोग विद्युत अपघटन में किया जाता है।
- सेल की दक्षता(η) $= \frac{\Delta G}{\Delta H} \quad \frac{-\eta FE}{\Delta H}$

Faraday's Law

I[st] Law :
जब विद्युत अपघट्य में विद्युत प्रवाहित की जाती है तब

$W \propto Q, \quad W = Z \times i \times t$

Z (Electrochemical Equivalent):
1C आवेश द्वारा निरावेशित पदार्थ का द्रव्यमान ग्राम में

$$W = \frac{E \times i \times t}{96500}$$

II[nd] Law :
यदि समान आवेश भिन्न विलयनों में से प्रवाहित किया जाता है तो

$$\frac{W_1}{E_1} = \frac{W_2}{E_2} = \frac{W_3}{E_3} = \frac{W_4}{E_4} \text{....constant}$$

S.No.	Electrolyte	Electrode	Product at anode	Product at cathode	pH change
1.	Fused / molten NaCl	Pt or Graphite	Cl_2	Na	No change
2.	Aqueous NaCl	Pt or Graphite	Cl_2	H_2	pH↑
3.	Dilute NaCl	Pt or Graphite	O_2	H_2	No change
4.	Aqueous NaCl	Hg	Cl_2	Reduction of Na	No change
5.	Fused NaOH	Pt or Graphite	O_2	Na	No change
6.	Aqueous $CuSO_4$	Pt or Graphite	O_2	Cu	pH↓
7.	Aqueous $CuSO_4$	Cu	Cu oxidises to Cu^{+2}	Cu	No change
8.	Aqueous $CuCl_2$	Cu	Cu oxidises to Cu^{+2}	Cu	No change
9.	Aqueous $AgNO_3$	Pt or Graphite	O_2	Ag	pH↓
10.	Aqueous $AgNO_3$	Ag	Ag oxidises to Ag^{+}	Ag	No change
11.	Aqueous $NiSO_4/Ni(NO_3)_2$	Ni	Ni oxidises to Ni^{+2}	Ni	No change
12.	Aqueous $NiSO_4$	Pt or Graphite	O_2	Ni	pH↓
13.	Aqueous Na_2SO_4	Pt or Graphite	O_2	H_2	No change
14	Dilute H_2SO_4	Pt or Graphite	O_2	H_2	No change

Corrosion

- धातु की सतह का इसके लवण जैसे कि ऑक्साइड, सल्फाइड, कार्बोनेट में वातावरण की गैसों द्वारा परिवर्तित होने की प्रक्रिया को संक्षारण कहते हैं।
- जंग (rust) जलयोजित फेरिक ऑक्साइड $Fe_2O_3.xH_2O$ होता है।
- संक्षारण को बढ़ाने वाले कारक :
  (a) धातु में अशुद्धियां
  (b) नमी की उपस्थिति
  (उदा. बरसाती मौसम)
  (c) विद्युत उपघट्यों की उपस्थिति
  (उदा. लवणयुक्त जल)
- प्रतिबंधित सुरक्षा (तेल/ग्रीस) विद्युतीय सुरक्षा, गैल्वेनिकरण द्वारा संक्षारण को रोका जा सकता है।
- $H_2–O_2$ ईधन सेल का प्रयोग विद्युत ऊर्जा एवं जल के स्रोत के रूप में अपोलो चन्द्रयान में किया गया था।
- मरक्यूरी (पारा) सेल हमेशा नियत विभव प्रदान करता है।
- शुष्क सेल की आयु कम होती है क्योंकि अम्लीय NH_4Cl Zn पात्र का संक्षारण करता है।

Cell

- प्राथमिक सेल पुन: प्रयोग नहीं किए जा सकते। उदा. शुष्क सेल, मरक्यूरी सेल
- द्वितीयक सेल पुन: उपयोग किए जा सकते हैं, अर्थात् आवेशित किये जा सकते है।
  उदाहरण : Ni-Cd Cell तथा सीसा संचायक सेल
- ईधन सेल ईधन के दहन से प्राप्त ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित करता है। उदा. H_2-O_2 ईधन सेल

Name of the cell/battery	Anode	Cathode	Electrolyte
शुष्क सेल	Zn	Graphite; MnO_2 + C	$NH_4Cl + ZnCl_2$
मरक्यूरी सेल (घड़ी में प्रयुक्त)	Zn - Hg अमलगम	HgO + C का पेस्ट	KOH तथा ZnO का पेस्ट
सीसा संचायक सेल	Pb	Lead Dioxide PbO_2	H_2SO_4 (38%)
Ni-Cd cell	Cadmium	Nickel dioxide $Ni(OH)_3$	KOH solution
H_2-O_2 ईधन सेल	रन्ध्र युक्त कार्बन (उत्प्रेरक सहित) (H_2 गैस प्रवाहित)	रन्ध्र युक्त कार्बन (उत्प्रेरक सहित) (O_2 गैस प्रवाहित)	सान्द्र NaOH विलयन

प्रयोग के समय सीसा संचायक सेल की अभिक्रिया:

- एनोड पर : $Pb_{(s)} + SO_4^{2-} \rightarrow PbSO_{4(s)} + 2e^-$
- कैथोड पर : $4H^+ + PbO_{2(s)} + SO_4^{2-} + 2e^- \rightarrow PbSO_{4(s)} + 2H_2O$
- पूर्ण अभिक्रिया : $Pb_{(s)} + PbO_{2(s)} + 2H_2SO_4 \rightarrow 2PbSO_{4(s)} + 2H_2O$

सेल का विद्युत वाहक बल अर्धसेलों के ऑक्सीकरण एवं अपचयन विभवों को योग करके प्राप्त किया जाता है। परन्तु अर्धसेल का इलेक्ट्रॉड विभव अन्य अर्धसेलों के विभवों को सामान्य रूप से जोड़कर प्राप्त नहीं किया जाता है।

दिया है : 1) $Cu^{+2} + 2e^- \rightarrow Cu,\ E^\circ = 0.337V$
2) $Cu^{+2} + e^- \rightarrow Cu^+,\ E^\circ = 0.153V$
ज्ञात करना: 3) $Cu^+ + e^- \rightarrow Cu,\ E^\circ = ?$

समीकरण 1-2 करने पर उत्तर प्राप्त नहीं होगा, हमें इनकी मुक्त ऊर्जा परिवर्तन को ज्ञात करना चाहिये। उपरोक्त तीनों अभिक्रियाओं के गिब्स मुक्त ऊर्जा परिवर्तन ΔG°_1, ΔG°_2 तथा ΔG°_3 है।

$\Delta G^\circ_1 - \Delta G^\circ_2 = \Delta G^\circ_3$ अत: $(-2 \times F \times 0.337) - (-1 \times F \times 0.153)$
$= -1 \times F \times E^\circ_{Cu+/Cu}$ $(\Delta G^\circ = -nFE^\circ) \Rightarrow E^\circ_{Cu+/Cu} = 0.521$ V

IMPORTANT NOTES

IMPORTANT NOTES

BEHAVIOUR OF GASES

GAS LAW

- **Boyle's law :** $V \propto \frac{1}{P}$ (n, T = const) $P_1V_1 = P_2V_2$
- **Charle's law :** $V \propto T$ (n, P = const) $\frac{V_2}{V_1} = \frac{T_2}{T_1}$
- **Gay lussac's law:** $P \propto T$ (n, V = const) $\frac{P_2}{P_1} = \frac{T_2}{T_1}$
- **Avogadro's law :**

  V ∝ moles ∝ number of molecules (P, T = const)

  Ideal gas equation PV = nRT

  $R = 0.0821$ lit atm $mol^{-1} K^{-1}$

  $R = 8.314$ J $K^{-1} mol^{-1}$ or 8.314 N×m $K^{-1} mol^{-1}$

  $R = 2$ cal $K^{-1} mol^{-1}$

  $R = 8.314 \times 10^7$ erg $K^{-1} mol^{-1}$

GRAHAM'S DIFFUSION LAW

अक्रियाशील गैसों के लिए लागू होता है।

$$r \propto \frac{1}{\sqrt{d}}\ ;\ r \propto \frac{1}{\sqrt{VD}}\ ;\ r \propto \frac{1}{\sqrt{M_w}}\ \text{(P, T = constant)}$$

$$VD = \frac{d_{gas}}{d_{H_2}} = \frac{M_w}{2}$$

विसरण की दर

$$r = \frac{\ell_{\text{diffused gas}}}{t_{\text{time taken}}}\ ;\ r = \frac{V_{\text{diffused gas}}}{t_{\text{time taken}}}\ ;\ r = \frac{n_{\text{diffused gas}}}{t_{\text{time taken}}}$$

(यहाँ, ℓ = विसरित गैस द्वारा तय की गई दूरी)

KINETIC GAS EQUATION : $PV = 1/3\, mN V^2_{rms}$

DALTON'S LAW OF PARTIAL PRESSURE

$$P_{mixture} = \underbrace{P_1 + P_2 + P_3}_{\text{Partial pressure}} \ldots\ldots\ldots\ldots \text{(T \& V const)}$$

$$P_{\text{moist gas}} = P_{\text{dry gas}} + P_{\text{water vapours}}$$

यह अक्रियाशील गैसों के लिए लागू होता है।

आंशिक दाब ज्ञात करने की विधियाँ

(P_A & P_B आंशिक दाब है।)

- आदर्श गैस समीकरण से

  $P_AV = n_A RT$ & $P_BV = n_B RT$

- मोल भिन्न के रूप में

  $$P_A = X_A P_T = \frac{n_A}{n_t} P_T;\ P_B = X_B P_T = \frac{n_B}{n_t} P_T$$

  $[X_A + X_B = 1]$

  P_T = सभी गैसों के आंशिक दाबों का कुल योग

- आयतन भिन्न के रूप में

  $$P_A = \frac{V_A}{V} P_T\ \&\ P_B = \frac{V_A}{V} P_T$$

- यदि व्यक्तिगत दाब एवं आयतन दिये गये हो

  $$P_A = \frac{V_A}{V} P_1 \text{ and } P_B = \frac{V_B}{V} P_2$$

  P_1, P_2 = मिश्रण के पूर्व गैसों के आंशिक दाब

  P_A, P_B = मिश्रण के पश्चात गैसों के आंशिक दाब

AVERAGE KINETIC ENERGY (KE_{av})

$KE_{av} = \frac{3}{2} nRT$ (n moles)

$KE_{av} = \frac{3}{2} RT$ (1 mol or N_A molecules)

$KE_{av} = \frac{3}{2} KT$ (1 molecule)

$K = 1.38 \times 10^{-23}\ JK^{-1}$ molecule^{-1}

K is called Boltzman's constant

$$v_{rms} = \sqrt{\frac{v_1^2 + v_2^2 + \ldots v_n^2}{N}} \qquad v_{avg} = \frac{v_1 + v_2 + v_3 \ldots . v_n}{N}$$

$$v_{rms} = \sqrt{\frac{3RT}{Mw}} \qquad v_{avg} = \sqrt{\frac{8}{\pi}\frac{RT}{Mw}} \qquad v_{mp} = \sqrt{\frac{2RT}{Mw}}$$

$$v_{rms} = \sqrt{\frac{3PV}{Mw}} \qquad v_{avg} = \sqrt{\frac{8}{\pi}\frac{PV}{Mw}} \qquad v_{mp} = \sqrt{\frac{2PV}{Mw}}$$

$$v_{rms} = \sqrt{\frac{3P}{d}} \qquad v_{avg} = \sqrt{\frac{8}{\pi}\frac{P}{d}} \qquad v_{mp} = \sqrt{\frac{2P}{d}}$$

$$v_{rms} : v_{avg} : v_{mp} = \sqrt{3} : \sqrt{\frac{8}{\pi}} : \sqrt{2}$$

$= 1 : 0.92 : 0.82$

$$v_{mp} : v_{avg} : v_{rms} = \sqrt{2} : \sqrt{\frac{8}{\pi}} : \sqrt{3}$$

$= 1 : 1.128 : 1.224$

$v_{mp} < v_{avg} < v_{rms}$

VANDERWAAL'S EQUATION

$$\left(P + \frac{an^2}{V^2}\right)(V - nb) = nRT$$

$$P_i = P_R + \frac{an^2}{V^2} \Rightarrow P_i > P_R$$

a↑ force of attraction↑

liquification↑;

b↑, effective size of molecule ↑,

incompressible vol ↑,

compressible vol ↓

- उच्च दाब पर Vanderwaal's समीकरण

$$\boxed{PV_m - Pb = RT}$$

- निम्न दाब या मध्यवर्ती दाब Vanderwaal's समीकरण

$$\boxed{PV_m + \frac{a}{V_m} = RT}$$

- बहुत कम दाब और उच्च ताप पर एक वास्तविक गैस आदर्श गैस की तरह व्यवहार करती है।

$$\boxed{PV = nRT}$$

- Gases having ↑value of a; will have ↑T_C;
  ↑द्रवीकरण की दर

सम्पीड्यता गुणांक (z) $= \frac{(V_m)obs}{V_i} = \frac{P(V_m)obs}{RT}$

यदि z = 1, गैस, आदर्श गैस की तरह व्यवहार प्रदर्शित करती है

यदि z > 1,गैस, आदर्श गैस से धनात्मक विचलन प्रदर्शित करती है

यदि z < 1, गैस, आदर्श गैस से ऋणात्मक विचलन प्रदर्शित करती है


IMPORTANT NOTES

ATOMIC STRUCTURE

IMPORTANT DEFINITIONS

Proton (m_p) /anode rays	***Neutron (m_n)***	***Electron(m_e) / cathode rays***
mass $=1.67 \times 10^{-27}$ kg	mass $= 1.67 \times 10^{-27}$ kg	mass $= 9.1 \times 10^{-31}$ kg
mass $= 1.67 \times 10^{-24}$ g	mass $= 1.67 \times 10^{-24}$ g	mass $= 9.1 \times 10^{-28}$ g
mass = 1.00750 amu	mass = 1.00850 amu	mass = 0.000549 amu
e/m का मान विसर्जन नलिका में ली गई गैस की प्रकृति पर निर्भर निर्भर करता है।		e/m का मान विसर्जन नलिका में ली गई गैस की प्रकृति तथा इलेक्ट्रॉड की प्रकृति पर निर्भर नहीं करता है।

REPRESENTATION OF AN ELEMENTS



Terms associated with elements :

- परमाणु क्रमांक (Z) : = प्रोटॉन की संख्या
  Electron = Z – C (charge on atom)
- द्रव्यमान संख्या(A) =न्यूट्रॉन तथा प्रोटॉन कुल संख्या में उपस्थित
  A = प्रोटॉनों की संख्या+ न्यूट्रॉनों की संख्या
- **समस्थानिक :** एक ही तत्व के अलग-अलग परमाणु होते हैं जिनका परमाणु क्रमांक समान होता है परन्तु द्रव्यमान संख्या भिन्न-भिन्न होती है।
  Ex. : $_6C^{12}$, $_6C^{13}$, $_6C^{14}$
- **समभारिक :** ये विभिन्न तत्वों के ऐसे परमाणु होते हैं जो समान द्रव्यमान संख्या रखते हैं लेकिन परमाणु क्रमांक अलग-अलग होते हैं।
  Ex. $_1H^3$, $_2He^3$
- ***Isodiaphers :*** ये विभिन्न तत्वों के परमाणु होते हैं जिनमें न्यूट्रॉन तथा प्रोटॉन का अन्तर समान होता है।
  Ex. $_5B^{11}$, $_6C^{13}$
- ***Isotones*** : न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है।
  Ex. $_1H^3$, $_2He^4$
- ***Isosters***: ये ऐसे अणु होते हैं जिसमें परमाणुओं तथा इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है।
  Ex. CO_2, N_2O
- ***Isoelectronic***:
  समान संख्या में इलेक्ट्रॉन रखने वाली स्पीशीज
  Ex. Cl^-, Ar, S^{2-}

ATOMIC MODELS

- ***Thomson*** : परमाणु को एक धनावेशित गोले के रूप में माना जिसमें इलेक्ट्रॉन सन्निहित रहते हैं।
- ***Drawback*** : यह परमाणु के स्थायित्व को नहीं समझा सका।
- ***Rutherford Model of an atoms :***
  इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर वृताकार पथ में चक्कर लगाते हैं
  $R_N = R_0(A)^{1/3}$, $R_0 = 1.33 \times 10^{-13}$ cm
  [A mass number, R_N = Radius of nucleus]

SIZE OF NUCLEUS

- नाभिक का आयतन बहुत कम होता है तथा परमाणु के कुल आयतन का सूक्ष्म भाग होता है। नाभिक का व्यास 10^{-13} cm कोटि का होता है तथा परमाणु का व्यास 10^{-8} cm कोटि का होता है।
- इस प्रकार परमाणु का व्यास, नाभिक के व्यास का 10^5 गुना होता है व परमाणु का आयतन नाभिक के आयतन से लगभग 10^{15} गुना होता है।

ELECTROMAGNETIC SPECTRUM

- RW →MW →IR →Visible →UV →X-rays →CR
  (Radiowaves →Microwaves →Infrared rays →Visible rays →Ultraviolet rays →X-rays →Cosmic rays)
- तरंगदैर्ध्य घटेगी ⟶
- आवृति बढ़ेगी ⟶
- • $c=\nu\lambda$ • $\lambda = \dfrac{c}{\nu}$ • $\bar{\nu} = \dfrac{1}{\lambda} = \dfrac{\nu}{c}$

  • $T = \dfrac{1}{\nu}$ • $E = \dfrac{hc}{\lambda} = h\nu$, $h = 6.626 \times 10^{-34}$ Js

  • $E = \dfrac{12400}{\lambda(\text{Å})}eV$

  • कुल प्रेषित ऊर्जा $E = nh\nu = \dfrac{nhc}{\lambda}$

  • n = फोटोनों की संख्या

BOHR'S ATOMIC MODEL

यह मॉडल विकिरण के क्वान्टम सिद्धान्त तथा भौतिकी के चिरसम्मत सिद्धांत पर आधारित है।

- $\frac{K(Ze)(e)}{r^2} = \frac{mv^2}{r}$
- $mvr = \frac{nh}{2\pi}$ or $mvr = n\hbar$
- इलेक्ट्रॉन स्थायी कक्षा में रहता है जहां पर यह ऊर्जा को विकिरित नहीं करता है।
- ***Radius :*** $r = 0.529 \times \frac{n^2}{Z}$ Å
- ***Velocity :*** $v = 2.188 \times 10^6 \frac{Z}{n} ms^{-1}$
- कुल ऊर्जा (KE + PE) $= -13.6 \times \frac{Z^2}{n^2}$ eV/atom
- $TE = -\frac{KZe^2}{2r}$, $PE = \frac{-KZe^2}{r}$, $KE = \frac{KZe^2}{2r}$
  PE = –2KE, KE = –TE, PE = 2TE
- Revolutions per sec $= \frac{v}{2\pi r}$
- Time for one revolution $= \frac{2\pi r}{v}$
- n_1 व n_2 ऊर्जा स्तरों के मध्य ऊर्जा अन्तर

$$\Delta E = E_{n_2} - E_{n_1} = 13.6 \times Z^2\left(\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right)\frac{eV}{atom} = IE \times \left(\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right)$$


जहां IE = एकल इलेक्ट्रॉन स्पीशीज की आयनन ऊर्जा

- ***Ionization energy*** $= E_\infty - E_{G.S.} = 0 - E_{G.S.}$
  $E_{G.S.}$ = मूल अवस्था में इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा

HYDROGEN SPECTRUM

- ***Rydberg's Equation :*** $\frac{1}{\lambda} = \bar{v} = R_H\left[\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right] \times Z^2$
  $R_H \cong 109700\ cm^{-1}$ = Rydberg constant
- किसी श्रेणी में पहली रेखा के लिए $n_2 = n_1 + 1$
- सीमान्त स्पेक्ट्रल रेखा (श्रेणी सीमा) का अर्थ $n_2 = \infty$
- H_α रेखा का अर्थ $n_2 = n+1$; सबसे लम्बी तरंगदैर्ध्य (λ), न्यूनतम आवृत्ति (ν), न्यूनतम ऊर्जा (E)
- इसी प्रकार H_β रेखा का अर्थ $n_2 = n_1 + 2$
- परमाणु के नमूने से जब इलेक्ट्रॉन उच्च ऊर्जा स्तर (n) उसकी मूल अवस्था में आता है तो स्पेक्ट्रम में प्रेक्षित होने वाली स्पेक्ट्रल रेखाओं की सं. $= \frac{n(n-1)}{2}$ होती है।
- परमाणु के नमूने से जब इलेक्ट्रॉन उच्च ऊर्जा स्तर (n_2) से निम्न ऊर्जा स्तर (n_1) में आता है तब स्पेक्ट्रम में प्रेक्षित स्पेक्ट्रल रेखाओं की संख्या $= \frac{(n_2 - n_1)(n_2 - n_1 + 1)}{2}$ होती है।
- किसी विशेष श्रेणी में स्पेक्ट्रल रेखाओं कीसंख्या $= n_2 - n_1$

Hydrogen Spectrum	***(n_2)***		***(n_1)***	
Lyman	→ Any higher orbit	→	1	[Found in U.V. region]
Balmer	→ Any higher orbit	→	2	[Found in Visible region]
Paschen	→ Any higher orbit	→	3	[Found in I.R. region]
Brackett	→ Any higher orbit	→	4	[Found in I.R. region]
Pfund	→ Any higher orbit	→	5	[Found in I.R. region]



de-BROGLIE HYPOTHESIS

- सभी द्रव्यों की प्रकृति कण के साथ-साथ तरंग की भी होती है।
- $\lambda = \frac{h}{mv} = \frac{h}{p}$
- n^{th} कक्षक की परिधि इलेक्ट्रॉन की तरंगदैर्ध्य की n गुना होती है, अर्थात् $2\pi r_n = n\lambda$
  तरंगों की संख्या = n = मुख्य क्वाण्टम संख्या
- इलेक्ट्रॉन की तरंगदैर्ध्य $(\lambda) \cong \sqrt{\frac{150}{V(volts)}}$ Å
- $\lambda = \frac{h}{\sqrt{2mKE}}$

HEISENBERG UNCERTAINITY PRINCIPLE

- किसी दिये गये क्षण पर किसी सूक्ष्म कण की एक समय में यथार्थ स्थिति तथा वेग को निर्धारित कर पाना असम्भव है, यदि एक को अधिक यथार्थता से मापा जाता है तो दूसरा कम यथार्थ हो जाता है
- $\Delta x.\Delta p \geq \frac{h}{4\pi}$ or $(\Delta x)(\Delta v) \geq \frac{h}{4\pi m}$

  where Δx = स्थिति में अनिश्चितता
  Δp = संवेग में अनिश्चितता
  Δv = वेग में अनिश्चितता
  m = सूक्ष्म कण का द्रव्यमान
- हाईजेनबर्ग ने कक्ष के सिद्धांत को, कक्षक द्वारा प्रतिस्थापित किया।

QUANTUM NUMBER

एक परमाणु में प्रत्येक कोश, उपकोश, कक्षक तथा इलेक्ट्रॉन को 4 क्वाण्टम संख्याओं के समुच्चय से चिन्हित किया जाता है।

☛ ***Principal quantum number (By Bohr)***

⇒ कक्षक का आकार तथा ऊर्जा, इलेक्ट्रॉन के नाभिक से दूरी के बारे में बताती है।
⇒ Values n = 1, 2, 3, 4, 5....................
⇒ कोणीय संवेग= $n \times \frac{h}{2\pi}$
⇒ कोश में कुल इलेक्ट्रॉनों की संख्या = $2n^2$
⇒ कोश में कुल कक्षकों की संख्या = n^2
⇒ कोश में कुल उपकोशों की संख्या = n

☛ ***Azimuthal/Secondary/Subsidiary/Angular momentum quantum number (ℓ)***

⇒ Given by = Sommerfeld
⇒ उपकोश/उप-ऊर्जा स्तर के बारे में बताती है।
⇒ Values ⇒ 0, 1.............(n–1)
⇒ यह उपकोश व कक्षक की आकृति को बताती है।

Value of n	Values of ℓ [Shape]	Initial from word
eg. If n=4	ℓ = 0 (s) [Spherical]	Sharp
	ℓ=1 [p] [Dumb bell]	Principal
	ℓ=2 [d] [Double dumb bell]	Diffused
	ℓ=3 [f] [Complex]	Fundamental

⇒ उपकोश में कुल इलेक्ट्रॉनों की सं. = 2(2l + 1)
⇒ उपकोश में कुल कक्षकों की सं.= (2l + 1)
⇒ कक्षीय कोणीय संवेग = $\sqrt{\ell(\ell+1)}\frac{h}{2\pi} = \hbar\sqrt{\ell(\ell+1)}$

h = Planck's constant

⇒ H व H- के समान स्पीशीज में कोश के सभी उपकोशों की ऊर्जा समान होती है अर्थात्
2s = 2p   3s = 3p = 3d

☛ ***Magnetic quantum number (m)***

⇒ Linde द्वारा दिया गया।
⇒ कक्षकों के अभिविन्यास को बताती है अर्थात् इलेक्ट्रॉन के घनत्व की दिशा को बताती है।
⇒ Value of m = –ℓ ....0.........+ℓ
⇒ कक्षक में अधिकतम इलेक्ट्रॉनों की सं.= 2 (विपरीत चक्रण के साथ)

p उपकोश के लिए m= p_x p_y p_z
–1 +1 0

d उपकोश के लिए m=
dxy dyz dz^2 dxz dx^2-y^2
–2 –1 0 +1 +2

☛ ***Spin quantum number (m_s or s)***


Uhlenback व Goudsmit द्वारा दिया गया, s का मान = ±½

एक परमाणु में चक्रण का कुल मान = ±½ × अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या

चक्रण कोणीय संवेग = $\sqrt{s(s+1)}\frac{h}{2\pi}$

RULES FOR FILLING OF ORBITALS

☛ ***Aufbau principle :*** उपकोश में इलेक्ट्रॉन, ऊर्जा के बढ़ते हुए क्रम में भरे जाते हैं।



$1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 4s^2 3d^{10} 4p^6 5s^2 4d^{10} 5p^6 6s^2 4f^{14} 5d^{10} 6p^6 7s^2 5f^{14} 6d^{10}$

☛ ***(n + ℓ) rule :*** न्यूनतम (n + ℓ) मान रखने वाला उपकोश पहले भरा जाता है परन्तु जब दो या अधिक उपकोश (n + ℓ) का समान मान रखते हों, तब n का न्यूनतम मान रखने वाला उपकोश पहले भरा जाता है।

☛ ***Pauli का अपवर्जन सिद्धांत :*** Pauli ने बताया कि एक परमाणु में दो इलेक्ट्रॉनों की चारों क्वाण्टम संख्याओं के मान समान नहीं हो सकते हैं।

☛ ***Hund's का अधिकतम बहुलकता का नियम :*** उपकोशों के कक्षक में उपस्थित इलेक्ट्रॉनों का वितरण इस प्रकार होता है कि यह समान्तर चक्रण वाले अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या प्राप्त कर सकें।

Z:\NODE02\B0B0-BA\HAND BOOK CHEMISTRY\HINDI\1_PHYSICAL.P65

IMPORTANT NOTES

CHEMICAL KINETICS


How to generate rate law expression

Rate of Reaction

$n_1A + n_2B \rightarrow n_3C + n_4D$

तात्क्षणिक या औसत दर

$ROR = -\frac{1}{n_1}\frac{d[A]}{dt} = -\frac{1}{n_2}\frac{d[B]}{dt} = \frac{1}{n_3}\frac{d[C]}{dt} = \frac{1}{n_4}\frac{d[D]}{dt}$



* A के विलोपन की दर =-d[A]/dt
* B के विलोपन की दर =-d[B]/dt
* C के निर्मित होने की दर = +d[C]/dt
* D के निर्मित होने की दर= +d[D]/dt
*ROR की इकाई= mol L^{-1} $time^{-1}$
*ROR सदैव धनात्मक होगी

Rate Law (Experimental Expression)

Rate = $K[A]^x[B]^y$

जहां, K = दर नियतांक या विशिष्ट अभिक्रिया दर

x = A के सापेक्ष अभिक्रिया की कोटि
y = B के सापेक्ष अभिक्रिया की कोटि
x+y = n (अभिक्रिया की कोटि)

- कोटि एक प्रायोगिक राशि है।
- यह '0', +ve, -ve या भिन्नात्मक हो सकती है।
- Unit of k = $[mol\ L^{-1}]^{1-n} \times time^{-1}$ $= (atm)^{1-n}$

k ताप, उत्प्रेरक एवं अभिकारक की प्रकृति पर निर्भर करता है।

Experimental Observations

अभिक्रिया के लिए $OCl^- + I^- \xrightarrow{OH^-} OI^- + Cl^-$

निम्न प्रायोगिक तथ्य दिए गए हैं।

Exp.	$[OCl^-]$	$[I^-]$	$[OH^-]$	$d[IO^-]/dt$
1	0.0017	0.0017	1.0	1.75
2.	0.0034	0.0017	1.0	3.50
3.	0.0017	0.0034	1.0	3.50
4.	0.0017	0.0017	0.5	3.50

प्रायोगिक तथ्यों द्वारा

दर नियम= $k[OCl^-][I^-]/[OH^-]$

Order =1

Molecularity

- किसी सरल अभिक्रिया में अभिकृत होने वाली प्रजातियों के कणों की संख्या को आण्विकता कहा जाता है।
- यह एक सैद्धांतिक तथ्य है इसके मान सदैव पूर्णांक (1,2,3) होते हैं।
- आण्विकता >3 बहुत ही कम होती है।

Elementary Reactions

ये अभिक्रियायें एक पद में सम्पन्न होती है।

यदि $n_1A + n_2B \rightarrow$ उत्पाद

Rate law = $k[A]^{n1}[B]^{n2}$

Order = $n_1 + n_2$

सरल अभिक्रिया के लिऐ भिन्नात्मक कोटि संभव नहीं है।

इसकी कोटि तथा आण्विकता समान होती है।

शून्य कोटि की अभिक्रिया, कभी सरल अभिक्रिया नहीं होती है।

Pseudo First Order Reaction

अभिक्रिया की कोटि =1

तथा

आण्विकता> 1

Eg. :


- अम्लीय माध्यम में **Ester** का जल अपघटन
- शर्करा का प्रतिपन

आधिक्य में लिया हुआ अभिकारक दर को प्रभावित नहीं करता है

Complex Reactions

ये अभिक्रियाऐं एक से अधिक पदों में होती है


Eg. : $2N_2O_5 \rightarrow 4NO_2 + O_2$



(i) $2N_2O_5 \rightleftharpoons 2NO_2 + 2NO_3$ (Fast)



(ii) $NO_2 + NO_3 \rightarrow NO_2 + NO + O_2$ (Slow)



(iii) $NO + NO_3 \rightarrow 2NO_2$ (Fast)



यहां दर नियम धीमे पद के अनुसार लिखा जाता है जिसमें कोई मध्यवर्ती उपस्थित नहीं हो।

दर नियम = $k[N_2O_5]$, Order =1

प्रत्येक पद की आण्विकता पृथक रूप से परिभाषित होती है।

कुल आण्विकता जटिल अभिक्रिया के लिए परिभाषित नहीं होती।

यदि प्रश्न के विकल्प में "परिभाषित नहीं है" न दिया हो तो सबसे धीमे पद की आण्विकता एवं कोटि समान लेंगे।

(उपरोक्त परिस्थिति में आण्विकता एक होगी)

Zero Order Reactions

E.g. : 1. धातु सतह पर गैसों का वियोजन।

2. प्रकाश रासायनिक अभिक्रियाऐं।

3. ऐन्जाइम उत्प्रेरण अभिक्रिया


अवकलित दर समीकरण

$r = -d[A]/dt = k[A]^0$

समाकलित दर समीकरण

$[A]_t = [A]_0 - Kt$; $x = Kt$

$t_{1/2} = t_{50\%} = \frac{[A]_0}{2k}$; $t_{100\%} = \frac{[A]_0}{k} = 2t_{1/2}$




TG: @Chalnaayaaar


FIRST ORDER REACTION


Eg. 1. सभी रेडियोसक्रिय विघटन

2. छद्म प्रथम कोटि की अभिक्रिया

अवकलित दर नियम	समाकलित दर नियम
$r = -d[A]/dt = k[A]^1$	$kt = 2.303 \log \frac{[A]_0}{[A]_t}$







$t_{1/2} = t_{50\%} = \frac{0.693}{k}$

$t_{3/4} = t_{75\%} = 2t_{1/2}$

n^{th} ORDER REACTION

$$kt = \frac{1}{(n-1)}\left[\frac{1}{[A]_t^{n-1}} - \frac{1}{[A]_0^{n-1}}\right];\ n \neq 1$$

$$kt_{1/2} = \frac{1}{(n-1)}\left[\frac{2^{n-1}-1}{[A]_0^{n-1}}\right];\ n \neq 1$$

$$t_{1/2} \propto \frac{1}{[A]_0^{n-1}}$$

- यह अभिक्रिया की कोटि ज्ञात करने की अर्ध आयु विधि है।
- क्षारीय माध्यम में एस्टर का जल अपघटन द्वितीय कोटि की अभिक्रिया है।

दर को प्रभावित करने वाले कारक

- अभिकारक की प्रकृति
- विकिरण
- सान्द्रता
- दाब
- उत्प्रेरक
- तापमान


COLLISION THEORY

प्रभावी टक्कर के लिये निम्न दो शर्तें पूर्ण होनी चाहिये


(i) अभिकारक कणों के पास न्यूनतम ऊर्जा होना चाहिये जिसे देहली ऊर्जा कहा जाता है।

(ii) टक्कर का अभिविन्यास सही होना चाहिये।

TE = Potential energy of reactant + Activation Energy (E_a)



Endothermic (ΔH = +ve)



Exothermic (ΔH = -ve)

$\Delta H = (E_a)_f - (E_a)_b = H_P - H_R$

सक्रियण ऊर्जा को प्रभावित करने वाले कारक

(a) अभिकारक की प्रकृति (b) उत्प्रेरक

धनात्मक उत्प्रेरक $\Rightarrow \downarrow$T.E. $\Rightarrow \downarrow E_a \Rightarrow \uparrow$Rate

ऋणात्मक उत्प्रेरक $\Rightarrow \uparrow$T.E. $\Rightarrow \uparrow E_a \Rightarrow \downarrow$Rate

TEMPERATURE

a) तापीय गुणांक (μ) :

सामान्यत: T=25℃ तथा μ=2 लेते हैं।

$$\mu = \frac{k_{T+10}}{k_T} = 2 \text{ to } 3$$

$$\frac{r_2}{r_1} = \frac{k_2}{k_1} = \mu^{\Delta T/10}$$

(b) $k = Ae^{-Ea/RT}$ (Arrhenius Eq^n)

A = Arrhenius नियतांक / आवृति गुणांक / पूर्व चरघातांकी पद

E_a = सक्रियण ऊर्जा

R = गैस नियतांक


T = तापमान (K)

$e^{-Ea/RT}$ = Boltzmann गुणांक

$k/A = e^{-Ea/RT}$ = E_a के समान या अधिक ऊर्जा वाले कणों का मोल अंश

$$\log_{10} k = \log_{10} A - \frac{E_a}{2.303RT}$$

$$\log_{10}\frac{k_2}{k_1} = \frac{E_a}{2.303R}\left[\frac{1}{T_1} - \frac{1}{T_2}\right]$$



Z:\NODE02\B0B0-BA\HAND BOOK CHEMISTRY\HINDI\1_PHYSICAL.P65

IMPORTANT NOTES

IMPORTANT NOTES

THERMODYNAMICS

DEFINITION

ऊर्जा के रूप में एक निकाय का दूसरी निकाय के साथ अन्योन्य क्रिया का अध्ययन करते हैं।

System : ब्रह्माण्ड का वह भाग जिसमें अध्ययन करते हैं।

Surrounding : निकाय के अलावा ब्रह्माण्ड का शेष भाग।

Boundary : निकाय और परिवेश को विभाजित करती है।

SYSTEM

Open	Closed	isolated
ऊर्जा और पदार्थ का आदान-प्रदान	केवल ऊर्जा का आदान-प्रदान	न तो ऊर्जा ना ही पदार्थ का आदान-प्रदान

State function	Path function
गुण जो निकाय की प्रारम्भिक एवं अन्तिम अवस्था पर निर्भर करते हैं न कि प्रक्रम या पथ पर। e.g. U, H etc.	प्रारम्भिक अन्तिम अवस्था के साथ ही पथ या प्रक्रम पर निर्भर रहते हैं e.g. work, heat

THERMODYNAMIC PROPERTIES

Extensive	Intensive
गुणधर्म जो कि निकाय में उपस्थित द्रव्य (आकार तथा द्रव्यमान) पर निर्भर करते हैं। e.g. द्रव्यमान, आयतन, ऊष्माधारिता आदि	गुणधर्म जो कि निकाय में उपस्थित द्रव्य (आकार तथा द्रव्यमान) पर निर्भर नहीं करते हैं। e.g. दाब, ताप, गलनांक, घनत्व आदि

PROCESSES

समतापीय	समआयतनिक	समदाबीय	रूद्रोष्म	चक्रीय
T=const.	V=const.	P=const.	ऊष्मा का विनिमय नहीं होता है q=0	निकाय की प्रारंभिक व अन्तिम अवस्था समान होती है

उत्क्रमणीय प्रक्रम	अनुत्क्रमणीय प्रक्रम
• धीमा प्रक्रम • निकाय किसी भी अवस्था पर परिवेश से साम्य पर होता है • $P_{sys} = P_{surr} \pm dP$	• तेज प्रक्रम • निकाय तथा परिवेश साम्य में नहीं होते हैं। • $P_{sys} = P_{surr} \pm \Delta P$

INTERNAL ENERGY (U)

सभी प्रकार की आण्विक ऊर्जाओं का योग, यह अवस्था फलन है। ताप पर निर्भर है और विस्तिर्ण गुणधर्म होता है।

आदर्श गैस के लिए : $\boxed{\Delta U = nC_V\Delta T}$

रासायनिक अभिक्रिया के लिए :

$$\Delta_r E = \Sigma E_{prod} - \Sigma E_{react} \neq 0 \text{ at given T.}$$

HEAT (q)

ताप के अन्तर के कारण ऊर्जा का आदान-प्रदान:

$q = C\Delta T$, $q = nC_m\Delta T$, $q = ms\Delta T$

C = ऊष्माधारिता

C_m = मोलर ऊष्माधारिता

s = विशिष्ट ऊष्माधारिता

m = पदार्थ की मात्रा


WORK (W)

$$dW = -P_{ext}dV$$

$$W = -\int_{V_1}^{V_2} P_{ext} \cdot dV$$

Reversible	Irreversible
$W_{rev} = -\int_{V_1}^{V_2} P_{ext} \cdot dV$	$W_{irr} = -P_{ext}(V_2 - V_1)$

SIGN CONVENTION



FIRST LAW OF THERMODYNAMICS (FLOT)

ऊर्जा संरक्षण का नियम $\boxed{\Delta U = q + W}$

WORK DONE IN VARIOUS PROCESSES

Isochoric	Isobaric	Free expansion
$W = 0$	$W = -P_{ext}(V_2 - V_1)$	$P_{ext} = 0$
$\Delta U = q = nC_V\Delta T$	$q_V = nC_P\Delta T$	$W = 0, \Delta U = 0, q = 0$

Isothermal

$dT = 0$; $\Delta U = 0$ (for Inert gas); $q = -W$

Reversible Isothermal	Irreversible Isothermal
$W_{rev} = -nRT\ell n\left(\frac{V_2}{V_1}\right) = -nRT\ell n\left(\frac{P_1}{P_2}\right)$	$W_{irr} = -P_{ext}\left[\frac{nRT}{P_2} - \frac{nRT}{P_1}\right]$

Adiabatic :

$q = 0 \Rightarrow \Delta U = W = nC_V\Delta T \Rightarrow W = \frac{P_2V_2 - P_1V_1}{\gamma - 1}$

$\gamma = \frac{C_P}{C_V} \Rightarrow C_P$ = नियत P पर मोलर ऊष्माधारिता

$C_P - C_V = R \Rightarrow C_V$ = नियत आयतन V पर मोलर ऊष्माधारिता

For Reversible adiabatic :

PV^{γ} = constant (Ideal gas)

$TV^{\gamma-1}$ = constant (Ideal gas)

Enthalpy (H)

